कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, बांसवाडा (राज.)

क्रमांक / स्था. / 2023 / 183 दिनांक : 19.10.2023

कार्यालय–आदेश

राजस्थान सरकार, विधि एवं विधिक कार्य विभाग जयपुर एवं माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेशानुसार बांसवाड़ा न्यायक्षेत्र में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बागीदौरा न्यायालय का नव–सृजन किया गया हैं। नव–सृजित न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बागीदौरा के क्षैत्राधिकार में आने वाले प्रकरणों की सूची बांसवाड़ा न्यायक्षेत्र के वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा एवं अति. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा से प्राप्त की गई।

मैं अरूण कुमार अग्रवाल–I, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, बांसवाड़ा वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा एवं अति. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा से प्राप्त सूची अनुसार एसीजेएम न्यायालय, बागीदौरा क्षैत्राधिकार में आने वाले सूची अनुसार दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 408 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सीजेएम न्यायालय, बांसवाड़ा के नियमित फौजदारी के 13 एवं एफआर 02 तथा एसीजेएम न्यायालय, बांसवाड़ा के नियमित फौजदारी के 26 एवं एफआर 03 प्रकरण तथा दीवानी प्रक्रिया संहिता की धारा 24 (क) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सीजेएम न्यायालय, बांसवाड़ा के नियमित दीवानी के 64, विविध दीवानी के 1 तथा बिना दर्ज के 64 दीवानी प्रकरण इस प्रकार उक्त दोनों न्यायालयों से (फौजदारी एवं दीवानी) के कुल 173 प्रकरणों की विधिवत सुनवाई हेतु (संलग्न सूची अनुसार) न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा एवं अति. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा से विड्रो कर नव–सृजित न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बागीदौरा में अन्तरित करने का आदेश दिया जाता है।

अतः संलग्न सूची में अंकित प्रकरणों से सम्बन्धित लम्बित अन्य प्रार्थना पत्र / कागजात यदि कोई हो, को भी इसके साथ सम्बन्धित न्यायालय में प्रेषित किया जावे।

उक्तानुसार सूची के अनुसार प्रकरणों को सम्बन्धित न्यायालय में नियत तारीख पेशी पर पक्षकारों को सूचित कर आगामी 07 दिन की तारीख पेशी नियत कर प्रकरण अन्तरण की कार्यवाही पूर्ण करवाई जाना सुनिश्चित करावें।

प्रकरण अन्तरण एवं आगामी तारीख पेशी की सूचना पक्षकारों को दी जावे।

19/10/2023

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
बांसवाडा (राज.)

क्रमांक / स्था. / 2023 / 7627 – 7632 दिनांक : 19.10.2023

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा।
2. अति. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांसवाड़ा।
3. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बागीदौरा।
4. अध्यक्ष, बार एसोसिएशन, बांसवाड़ा।
5. सिस्टम असिस्टेंट, जिला एवं सेशन न्यायालय, बांसवाड़ा।
6. स्थापना शाखा।

19/10/2023

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
बांसवाडा (राज.)